Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

हाईवे चैनल

वर्ष- 29 ◘ अंक- 89 ◘ रायपुर, गुरुवार 23 अप्रैल 2026 ◘ पृष्ठ-8 ◘ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

ब्रेकिंग न्यूज

भाजपा ने महापौर, उप-महापौर के लिए प्रत्याशियों की घोषणा की, प्रवेश वाही पर जताया भरोसा

नई दिल्ली, 23 अप्रैल (न्यूज चैनल)। भाजपा के वरिष्ठ पार्षद प्रवेश वाही दिल्ली के नए महापौर होंगे। भाजपा ने गुरुवार को नामांकन दाखिल करने के अंतिम दिन उनके नाम का एलान किया। एमसीडी में दलीय स्थिति को देखते हुए उनका दिल्ली का अगला महापौर बनना लगभग तय है। क्योंकि सदन में भाजपा को पूर्ण बहुमत प्राप्त है इसके अलावा आम आदमी पार्टी ने महापौर और उपमहापौर का चुनाव नहीं लड़ने का निर्णय लिया है। 29 अप्रैल को निगम सदन की बैठक में महापौर, उपमहापौर और स्थाई समिति के तीन सदस्यों का चुनाव होगा। आम आदमी पार्टी ने अपने कोटे के स्थाई समिति के एक सदस्य के अन्य पदों के लिए अपने उम्मीदवार नहीं उतारे हैं। ऐसे में चुनाव औपचारिकता बनकर रह जाएगा और प्रवेश वाही के नाम पर मुहर लगना तय है।

15 मई से 10वीं की द्वितीय बोर्ड परीक्षा, सीबीएसई ने जारी की डेटशीट

नई दिल्ली, 23 अप्रैल (न्यूज चैनल)। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने कक्षा 10 की दूसरी परीक्षा 2026 की डेटशीट जारी कर दी है। कक्षा 10 की दूसरी बोर्ड परीक्षा का टाइमटेबल उम्मीदवार सीबीएसई की आधिकारिक वेबसाइट cbse.gov.in पर देख सकते हैं। जारी डेटशीट के मुताबिक, 10वीं की बोर्ड परीक्षाएं शुक्रवार 15 मई से गणित की परीक्षा के साथ शुरू होंगी और 21 मई को सोशल साइंस की परीक्षा के साथ समाप्त होंगी। सभी परीक्षाएं सुबह 10ः30 बजे से शुरू होंगी। परीक्षा की अवधि विषय के अनुसार 2 या 3 घंटे की होगी।

कपिल सिब्बल का चुनाव आयोग पर हमला, बोले- बंगाल में हो रहा है मतदान का अधिकार छीनने का प्रयोग

नई दिल्ली, 23 अप्रैल (न्यूज चैनल)। पूर्व कानून मंत्री और राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने चुनाव आयोग पर बड़ा हमला बोला है। उन्होंने आयोग पर पश्चिम बंगाल में लोगों के वोट देने का अधिकार छीनने का आरोप लगाया। सिब्बल ने तंज कसते हुए पूछा कि अगर ऐसा ही करना है तो चुनाव कराने की जरूरत ही क्या है? सिब्बल ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्हें पद भूषण मिलना चाहिए। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि चुनाव आयोग बंगाल में लोगों को मताधिकार से वंचित करने का प्रयोग कर रहा है। इससे पहले बुधवार को सिब्बल ने आरोप लगाया था कि मुख्य चुनाव आयुक्त भाजपा को जिताने के लिए उनके साथ मिलकर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा था कि ज्ञानेश कुमार राष्ट्रीय शर्म हैं और यह सुनिश्चित करना उनका पेशेगत धर्म है कि भाजपा ही विजयी हो।

बिरादरी की बात

चूहा- पश्चिम बंगाल में आज जमकर वोट डाले गए हैं..! चुहिया- हां जी, पता नहीं दीदी के फिर आने का संकेत है या जाने का।

अमित जोगी को सुप्रीम कोर्ट से मिली राहत

जग्गी हत्याकांडः दोषसिद्धि और उम्रकैद की सजा पर लगाई रोक

रायपुर, 23 अप्रैल (हाईवे चैनल)। एनसीपी नेता राम अवतार जग्गी हत्याकांड मामले में अमित जोगी को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत देते हुए उनकी दोषसिद्धि और उम्रकैद की सजा पर रोक लगा दी है. छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री अजित जोगी के बेटे अमित जोगी ने हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई थी। बता दें कि एनसीपी नेता राम अवतार जग्गी हत्याकांड मामले में दो अप्रैल को हाई कोर्ट ने जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जोगी) सुप्रीमो अमित जोगी को दोषी ठहराते हुए 3 हफ्ते में सरेंडर करने का आदेश दिया था. इस पर अमित जोगी ने हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी।

एनसीपी नेता राम अवतार जग्गी की साल 2003 में हुई हत्या के मामले में निचली अदालत ने 2007 में 28 आरोपियों को उम्रकैद की सजा सुनाई थी, लेकिन सबूतों का अभाव बताते हुए अमित जोगी को बरी कर दिया था. इस फैसले को पीड़ित के बेटे सतीश जग्गी ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी। सुप्रीम कोर्ट ने मामले को नए सिरे से विचार करने के लिए छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट भेज दिया था. हाईकोर्ट ने हत्या के मामले में निचली अदालत के फैसले को पलटते हुए अमित जोगी को दोषी माना और दोषी करार देते हुए 3 हफ्ते में सरेंडर करने का आदेश दिया था।

बेटे सतीश जग्गी ने तत्कालीन मुख्यमंत्री अजीत जोगी और उनके बेटे अमित जोगी पर जग्गी हत्याकांड का आरोप लगाया था. केस की जांच साल 2004 में सीबीआई को सौंपी गई थी. सीबीआई ने जांच के बाद करीब 11 हजार पन्नों की चार्जशीट दाखिल की, जिसमें 31 लोगों को आरोपी बनाया गया. मई 2007 में स्पेशल कोर्ट ने 28 आरोपियों को उम्रकैद की सजा सुनाई. दो लोग सरकारी गवाह बन गए, जबकि सबूतों के अभाव में अमित जोगी को बरी कर दिया गया था।

नेशनल हाईवे पर भीषण हादसा

ट्रक की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की मौत, ग्रामीणों ने किया चक्काजाम

बालोद, 23 अप्रैल (हाईवे चैनल)। नेशनल हाईवे-30 पर बुधवार को एक भीषण सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। यह हादसा दल्लीराजहरा थाना क्षेत्र के जमहिटोला प्लाजा और गुजरा गांव के बीच हुआ। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची है। वहीं हादसे की जानकारी मिलते ही घटना स्थल पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई है और शवों को सड़क पर रखकर हाईवे पर चक्काजाम कर मुआवजे की मांग कर रहे हैं।

जानकारी के मुताबिक, तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार दोनों युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे में एक मृतक की पहचान डोमेन्द्र यादव निवासी ग्राम गुजरा के रूप में की गई है, जबकि दूसरे युवक का चेहरा बुरी तरह कुचल जाने के कारण उसकी पहचान अभी तक नहीं हो सकी है। घटना की सूचना मिलते ही दल्लीराजहरा पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई है। इधर, हादसे के बाद बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण घटना स्थल पर एकत्र हो गए और शवों को सड़क पर रखकर हंगामा शुरू कर दिया है। ग्रामीणों का आरोप है कि नेशनल हाईवे-930 की खराब सड़क ही इस दुर्घटना की मुख्य वजह है। आक्रोशित ग्रामीण नेशनल हाईवे जाम कर प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी कर रहे और मृतकों के परिजनों को मुआवजा देने की मांग कर रहे। स्थिति को देखते हुए मौके पर पुलिस बल तैनात किया गया है और लोगों को शांत कराने का प्रयास किया जा रहा है।

वहीं छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में भी हादसा हुआ है। मंगलवार देर रात तेज रफ्तार पिकअप में सवार 6 युवक हाइट बैरियर से टकराकर गिर गए। इस हादसे में एक युवक का सिर फट गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं पांच अन्य युवक घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

टीआई प्रदीप आर्या ने बताया कि मंगलवार को भारत लाइट हाउस के कर्मचारी सरकंडा में किसी शादी में काम करने गए थे। देर रात काम होने के बाद पिकअप में लाइट लेकर 10-15 कर्मचारी ट्रॉली में सवार होकर वापस जाने के लिए निकले थे। उन्हें मुंगेली नाका मंगला की तरफ जाना था।

छोटे भाई ने मां के सामने बड़े भाई को जिंदा जलाया, इलाके में फैली सनसनी

महासमुंद, 23 अप्रैल (हाईवे चैनल)। जिले के ग्राम आमगांव में जमीन विवाद को लेकर एक दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई है। छोटे भाई ने अपने बड़े भाई को मां के सामने कमरे में बंद कर पेट्रोल डालकर आग लगा दी, जिससे उसकी दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है और मामले की जांच जारी है। मामला बागबाहरा थाना क्षेत्र का है।

जानकारी के अनुसार, रायपुर निवासी कृष्णकांत दुबे (38) अपनी कथित पत्नी मालती साहू के साथ मंगलवार को पैतृक गांव आमगाँव पहुंचा था। यहां उसकी मां तीरथबाई और छोटा भाई दौलत दुबे रहते हैं और दोनों ही जमीन की देखरेख करते हैं।

पिछले लंबे समय से दोनों भाइयों के बीच जमीन बंटवारे को लेकर विवाद चल रहा था। मंगलवार शाम कृष्णकांत ने घर पहुंचकर जमीन बंटवारे की बात की, जिस पर छोटे भाई दौलत ने फिलहाल चर्चा से इनकार कर दिया। इसी बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी बढ़ गई और झगड़ा हिंसक हो गया। विवाद के दौरान कृष्णकांत ने डंडे से दौलत पर हमला किया, जिसके जवाब में दौलत ने हंसिए से उस पर वार कर दिया। इसके बाद आरोपी ने कृष्णकांत को धान और महुआ से भरे कमरे में धकेलकर बाहर से दरवाजा बंद कर दिया।

इसके बाद दुकान से पेट्रोल लाकर उसने कमरे में आग लगा दी। इस दौरान कृष्णकांत की मां और मालती साहू मौके पर मौजूद थीं, लेकिन आग लगने के बाद उसे बचाने की कोशिशें नाकाम रहीं। आसपास के लोगों को मदद के लिए बुलाया गया, लेकिन मदद के लिए कोई भी आगे नहीं आया।

शासकीय कर्मचारियों पर राजनीतिक गतिविधियों की पाबंदी का आदेश 24 घंटे में ही स्थगित

रायपुर, 23 अप्रैल (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ सरकार ने शासकीय सेवकों के राजनीतिक दलों या संगठनों में सक्रिय सदस्यता और अन्य पदों पर आसीन होने को लेकर जारी अपने ही आदेश को महज एक दिन के भीतर स्थगित कर दिया है।

दरअसल सामान्य प्रशासन विभाग ने सभी विभागाध्यक्षों, संभागायुक्तों और कलेक्टरों को पत्र जारी किया था। इसमें छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियमों का हवाला देते हुए स्पष्ट निर्देश दिए गए थे कि कोई भी शासकीय कर्मचारी किसी राजनीतिक दल या संगठन का सक्रिय सदस्य नहीं होगा और न ही किसी राजनीतिक गतिविधि में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से भाग लेगा।

इसके साथ ही आदेश में यह भी कहा गया था कि शासकीय कर्मचारी बिना सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुमति के किसी भी शासकीय या अशासकीय संस्था, समिति, संगठन या निकाय में कोई पद धारण नहीं करेगा। साथ ही ऐसे किसी दायित्व को स्वीकार करने से भी रोका गया था जिससे उसकी प्रशासनिक निष्पक्षता प्रभावित हो सकती हो। नियमों के उल्लंघन पर कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई थी।

हालांकि, इस आदेश के जारी होने के अगले ही दिन सामान्य प्रशासन विभाग ने एक नया पत्र जारी कर पूर्व निर्देशों को अगले आदेश तक स्थगित कर दिया। इस त्वरित यू-टर्न ने प्रशासनिक हलकों में कई सवाल खड़े कर दिए हैं, और अब यह चर्चा का विषय बन गया है कि आखिर ऐसा क्या हुआ कि सरकार को महज़ 24 घंटे में ही अपना निर्णय वापस लेना पड़ा।

प्रदेश में फिर बढ़ेगा पारा, 26 तक लू जैसे हालात के आसार

रायपुर, 23 अप्रैल (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के मध्य इलाके के लोगों को गर्मी से राहत की संभावना नहीं है. अगले 24 घंटों के बाद अधिकतम तापमान में 3 डिग्री सेल्सियस तक की वृद्धि हो सकती है. मौसम विभाग ने संभावना जताई है कि 26 अप्रैल तक मध्य क्षेत्र में लू जैसी स्थिति बने रहेगी. बुधवार को प्रदेश में सबसे गर्मी दुर्ग में पड़ी. मौसम विभाग ने बताया कि पिछले 24 घंटों के दौरान नानगुर समेत कुछ जगहों पर हल्की से मध्यम बारिश हुई. सबसे अधिकतम तापमान 43.5 डिग्री सेल्सियस दुर्ग में, जबकि अंबिकापुर में 20 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है. अगले दो दिनों तक प्रदेश में मौसम शुष्क रहने की संभावना है। मौसम विशेषज्ञ एचपी चंद्रा ने बताया कि एक द्रोणिका/हवा की अनियमित गति मराठवाड़ा से कोमोरिन क्षेत्र तक 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है. एक प्रति चक्रवात अंदरुनी महाराष्ट्र और उससे लगे तेलंगाना तथा उत्तर अंदरुनी कर्नाटक के ऊपर 3.1 किलोमीटर से 5.8 कम ऊंचाई तक विस्तारित है।

मिर्ज़ापुर में भीषण सड़क हादसा! ढलान पर ट्रक के ब्रेक फेल होने से मचा कोहराम, 11 लोगों की दर्दनाक मौत

नई दिल्ली, 23 अप्रैल (न्यूज चैनल)। उत्तर प्रदेश के मिर्ज़ापुर जिले में बुधवार रात एक दिल दहला देने वाला सड़क हादसा पेश आया। डमंडगंज घाटी के ढलान वाले रास्ते पर एक अनियंत्रित ट्रक ने कई वाहनों को अपनी चपेट में ले लिया, जिसके परिणामस्वरूप 11 लोगों की जान चली गई। हादसे की भयावहता का अंदाज़ा इस बात से लगाया जा सकता है कि दो भारी ट्रकों के बीच फंसी एक कार पूरी तरह कुचल गई और देखते ही देखते आग के गोले में तब्दील हो गई। शुरुआती रिपोर्टों के अनुसार, जिस ट्रक ने पीछे से कार में टक्कर मारी, उसके ब्रेक फेल होने का संदेह है। यह हादसा रात करीब 8ः30 बजे डमंडगंज घाटी के निचले हिस्से में ढलान वाले रास्ते पर हुआ। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस की टीमें तुरंत मौके पर पहुंचीं और बड़े पैमाने पर बचाव अभियान शुरू कर दिया गया।

मिर्ज़ापुर की एसपी अपर्णा रजत कौशिक ने हादसे की जानकारी देते हुए बताया, रात करीब 8:30 बजे हमें ब्राह्मणगंज से नीचे उतरने वाले रास्ते पर एक हादसे की सूचना मिली—इस इलाके को स्थानीय तौर पर भैसोद के नाम से जाना जाता है—जब गाड़ियां ढलान से नीचे उतर रही थीं। पीछे से आ रहे एक ट्रक के ब्रेक शायद फेल हो गए थे, जिसके कारण वह आगे बढ़ रहा था और उसने आगे चल रही गाड़ियों में टक्कर मार दी। उसकी टक्कर एक दूसरे ट्रक से हुई, जिसके परिणामस्वरूप एक कार उन दोनों ट्रकों के बीच फंस गई।

छत्तीसगढ़ में अब भी जारी है पेंगोलिन की तस्करी, राजधानी में करोड़ों की कीमत के जिंदा पैंगोलिन के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

रायपुर, 23 अप्रैल (हाईवे चैनल)। बीते कुछ सालों से छत्तीसगढ़ के जंगलों से दुर्लभ वन्य जीव की श्रेणी में आने वाले पेंगोलिन की तस्करी में बढ़ोत्तरी हुई है। ऐसे कई तस्कर पूर्व में पकड़े जा चुके हैं। इस बार राजधानी रायपुर में वन विभाग की टीम ने वन्यजीव तस्करी के एक बड़े मामले का खुलासा करते हुए जिंदा पैंगोलिन के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। बरामद पैंगोलिन का वजन करीब 20 किलो बताया जा रहा है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करोड़ों रुपये आंकी जा रही है। वन विभाग के अफसरों के मुताबिक, आरोपियों की सूचना मिलने के बाद टीम पिछले करीब एक सप्ताह से उनकी तलाश में लगी हुई थी। कड़ी निगरानी और योजना के बाद दोनों आरोपियों को रंगे हाथ पकड़ लिया गया। वन विभाग के कर्मचारियों ने ग्राहक बनकर आरोपियों से संपर्क किया। जब आरोपी पैंगोलिन दिखाने के लिए तैयार हुए, तब कर्मचारियों ने मौके पर पहुंचकर सौदे की बात की।

आरोपियों ने जिंदा पैंगोलिन दिखाया और उसकी कीमत करीब 50 करोड़ रुपये बताई। जैसे ही सौदा तय होने की स्थिति बनी, कर्मचारियों ने बाहर मौजूद वन विभाग की टीम को इशारा किया। इसके बाद टीम ने मौके पर पहुंचकर दोनों आरोपियों को दबोच लिया। कार्रवाई के दौरान आरोपियों के कब्जे से करीब 20 किलो वजनी जिंदा पैंगोलिन बरामद किया गया। पैंगोलिन को स्थानीय भाषा में साल-खपरी भी कहा जाता है। वन विभाग ने उसे सुरक्षित कब्जे में लेकर आगे की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

गिरफ्तार आरोपियों में एक मध्यप्रदेश के बालाघाट जिले का रहने वाला बताया जा रहा है, जबकि दूसरा आरोपी छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले के भानुप्रतापपुर क्षेत्र का निवासी है। इनके नाम प्यारेलाल गोपचे और गोखन हलदार बताये गए हैं। दोनों के खिलाफ वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है। वन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि पैंगोलिन दुनिया के सबसे ज्यादा तस्करी किए जाने वाले वन्यजीवों में से एक है। इसके शल्क (स्केल) और अन्य अंगों की अंतरराष्ट्रीय बाजार में भारी मांग रहती है, जिसके कारण इसकी अवैध तस्करी की जाती है।

लोकतंत्र के महापर्वः 1 बजे तक पश्चिम बंगाल में 63 प्रतिशत तो तमिलनाडु में 57 प्रतिशत वोटिंग

नई दिल्ली, 23 अप्रैल (न्यूज चैनल)। लोकतंत्र के महापर्व में आज पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में वोट डाले जा रहे हैं। पश्चिम बंगाल में पहले चरण के तहत 152 सीटों पर मतदान हो रहे हैं। सभी पोलिंग बूथों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। वहीं तमिलनाडु में सभी 234 सीटों पर एक ही चरण में वोट डाले जा रहे हैं। दोनों राज्यों में प्रमुख राजनीतिक दलों के बीच कड़ी टक्कर है। प्रशासन ने शांतिपूर्ण और निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित करने के लिए व्यापक तैयारियां की हैं।

पश्चिम बंगाल चुनाव के दौरान नंदीग्राम में भाजपा उम्मीदवार और नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि उन्हें एक मतदान केंद्र के अंदर जाने की अनुमति नहीं दी गई। उन्होंने कहा कि आम लोग शांति चाहते हैं और किसी भी तरह की गड़बड़ी नहीं चाहते। साथ ही उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि जो शांति भंग करेगा, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

पश्चिम बंगाल के पूर्व मेदिनीपुर जिले में एगरा विधानसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार दिव्येंदु अधिकारी ने कांति दक्षिण के एक मतदान केंद्र पर अपना वोट डाला। वोट डालने के बाद उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल एकमात्र ऐसा राज्य है जहां मतदान से पहले, मतदान के दिन और मतदान के बाद भी हिंसा की घटनाएं देखने को मिलती हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि चुनाव आयोग निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित करेगा। उन्होंने यह भी कहा कि दूसरे राज्यों में मतदान के दौरान कोई बड़ी शिकायत नहीं मिली, लेकिन पश्चिम बंगाल में हालात अलग हैं और यहां चुनाव के दौरान कई तरह की चुनौतियां सामने आती हैं। दिव्येंदु अधिकारी ने मतदाताओं से अपील की कि अगर कहीं भी बाधा आए, यहां तक कि थोड़ी देर के लिए बिजली भी चली जाए, तो लोग तुरंत संबंधित अधिकारी और चुनाव आयोग को इसकी जानकारी दें। पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में मतदाताओं के बीच भारी उत्साह दिख रहा है। चुनाव आयोग की तरफ से दोपहर 1 बजे तक के जारी आंकड़े के अनुसार पश्चिम बंगाल में 63 प्रतिशत और तमिलनाडु में 57 प्रतिशत वोटिंग हुआ है।

बंगाल के मुर्शिदाबाद में भयंकर बवाल, टीएमसी कार्यकर्ताओं ने हुमायूं कबीर के काफिले पर पथराव किया

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान के बीच जमकर बवाल हो रहा है। बंगाल में चुनावी हिंसा का केंद्र मुर्शिदाबाद है। मुर्शिदाबाद में जमकर चुनावी हिंसा हो रहा है। मुर्शिदाबाद के नाओदा में आम जनता उन्नयन पार्टी के चीफ हुमायूं कबीर के कार्यकर्ताओं और टीएमसी कार्यकर्ताओं के बीच जमकर बवाल हुआ है। टीएमसी कार्यकर्ताओं ने हुमायूं कबीर के काफिले पर पथराव कर दिया। पथराव से हुमायूं कबीर की गाड़ी समेत कई गाड़ियों के शीशे भी टूट गए हैं। इसके बाद पुलिस ने लाठीचार्ज किया है। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान के दौरान मुर्शिदाबाद में हिंसा का तांडव जारी है। रेजीनगर से AJUP उम्मीदवार हुमायूं कबीर के काफिले पर टीएमसी कार्यकर्ताओं ने जानलेवा हमला किया गया है।